समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# फोन और लैपटॉप को साइबर हमलों से बचाना है ? सरकार ने बताए मुफ्त टूल्स, तुरंत करें इस्तेमाल !

Publisher Published on 30 Jun 2025




## सरकार की साइबर स्वच्छता पहल के तहत विंडोज और एंड्रॉयड डिवाइसेज के लिए मुफ्त एंटीवायरस और सुरक्षा ऐप्स उपलब्ध।

**नई दिल्ली :** आज के डिजिटल युग में **साइबर हमलों** और **ऑनलाइन धोखाधड़ी** के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। **बैंक फ्रॉड** से लेकर **डेटा चोरी तक**, हर दिन सैकड़ों लोग इसका शिकार हो रहे हैं। ऐसे में **भारत सरकार** ने नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

**इलेक्ट्रॉनिक्स** और **सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)** की **Cyber Swachhta Kendra** पहल के तहत सरकार ने मोबाइल और कंप्यूटर उपयोगकर्ताओं के लिए **मुफ्त साइबर सुरक्षा टूल्स** की सूची जारी की है, जो आपके **डिवाइसेज को मालवेयर, वायरस** और **बॉट्स** जैसे खतरों से बचाते हैं।

**लैपटॉप और डेस्कटॉप के लिए मुफ्त एंटीवायरस टूल्स**
यदि आप **विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम** पर काम करते हैं, तो आपके लिए सरकार ने निम्नलिखित मुफ्त एंटीवायरस सॉफ्टवेयर सुझाए हैं:

१. **K7 Security**
२. **eScan Antivirus**
३. **Quick Heal**

इन टूल्स की सहायता से आप अपने सिस्टम को स्कैन करके **वायरस, ट्रोजन** और **बॉट्स** जैसे खतरों से पूरी तरह सुरक्षित कर सकते हैं। ये सभी **टूल्स सरकार द्वारा** अनुमोदित हैं और **Cyber Swachhta Kendra** वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

**एंड्रॉयड मोबाइल यूजर्स के लिए सुरक्षा ऐप्स**
**स्मार्टफोन यूजर्स, खासकर एंड्रॉयड उपयोगकर्ताओं,** के लिए सरकार ने दो **भरोसेमंद मोबाइल सुरक्षा टूल्स** को सुझाया है:

१. **eScan Antivirus Mobile Version**
२. यह ऐप मोबाइल में मौजूद खतरनाक बॉट्स और वायरस को स्कैन करके उन्हें हटाता है।
३. **M-Kavach 2 (C-DAC द्वारा विकसित)**

इसमें मौजूद फीचर्स:

१. **ऐप ब्लॉकिंग**
२. **एंटी-थेफ्ट**
३. **डेटा सिक्योरिटी**
४. **संदिग्ध लिंक से बचाव**

**M-Kavach 2** खासतौर पर भारतीय यूजर्स के लिए **MeitY** के सहयोग से **C-DAC** हैदराबाद द्वारा डिजाइन किया गया है।

क्यों जरूरी है इन सरकारी टूल्स का इस्तेमाल ?

१. **हर दिन लाखों भारतीय ऑनलाइन बैंकिंग, ईमेल, क्लाउड स्टोरेज और डिजिटल पेमेटं का इस्तेमाल करते है** ।
२. **केवल पासवर्ड बदलना या लोकल एंटीवायरस इंस्टॉल करना अब पर्याप्त नहीं है**।
३. **साइबर सुरक्षा के लिए सरकारी प्रमाणित और विश्वसनीय टूल्स का उपयोग करना जरूरी है**।

**महत्वपूर्ण लिंक :**
सभी **टूल्स डाउनलोड** और जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट:
https://www.cyberswachhtakendra.gov.in/

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.